भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त द्वि-मासिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

HARHIN/115578

# यमुना संदेश

मुख्य सम्पादक- सत्यम नागपाल
(M) : 93155- 55560, 93557-77739

Email : yamunasandesh2@gmail.com
www: yamunasandeh.com

कानूनी सलाहकार : साहब सिंह गुज्जर
सह-सम्पादक : अमित मंकट

समाचार पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें
मुख्य सम्पादक
सत्यम नागपाल
93557-77739



Yamuna SANDESH
National News Paper Bi Monthly
24X7 NEWS CHANNEL

वर्ष : 1 | अंक : 1 | यमुनानगर से प्रकाशित | रविवार 30 जून, 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य : 5 रुपये प्रति कॉपी

## वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ़ रिकार्ड्स में दर्ज हुआ एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन का नाम

**यमुना संदेश, यमुनानगर ( नितिन नागपाल )** समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए, विशेष रूप से समाज को भ्रष्टाचार एवं नशा मुक्त करने के प्रयास के चलते एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन सोसाइटी का नाम वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस संबंध में और अधिक जानकारी देते हुए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित मनकट ने बताया कि पिछले लगभग 3 वर्षों से उनकी समिति केवल हरियाणा में ही नहीं बल्कि देशभर में भ्रष्टाचार तथा नशा के विरोध में कार्य कर रहे है। उन्होंने बताया कि पुलिस व प्रशासन के सहयोग से वह इस कार्य में जुटे हुए हैं और उनका उद्देश्य यह है कि समाज भ्रष्टाचार एवं नशा से मुक्त हो। जहां भी उनकी समिति काम कर रहे हैं वहीं पर पुलिस प्रशासन विभाग ने इस दिशा में खूब सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने के लिए उनके कार्यों की समीक्षा की गई थी और फिर उसके बाद कागजी



कार्रवाई पूरी करने के बाद उनका नाम इस वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज किया गया जो कि गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की बदौलत ही उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है। उनकी टीम से जुड़े सैकड़ो सदस्य दिन रात इसी कार्य में लगे हुए।

उन्होंने बताया कि उनकी इस टीम में कई सेलिब्रिटी व उद्योगपति भी जुड़े हुए हैं जो की सेवा के कार्यों के लिए उनका सहयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम अंकित होने से उनका भी मनोबल बढ़ा है। उन्होंने इसका श्रेय टीम के कार्यकर्ताओं को दिया है।








नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा


मनोहर लाल
केंद्रीय मंत्री


चौ. कंवर पाल
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री


घनश्याम दास अरोड़ा
विधायक, यमुनानगर

''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई


कैप्टन मनोज कुमार
उपायुक्त, यमुनानगर


गंगा राम पुनिया
पुलिस अधीक्षक, यमुनानगर


संजय रावल
जी.एम. हरियाणा रोडवेज यमुनानगर

''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई


''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर
सम्पादक सत्यम नागपाल
को हार्दिक बधाई
मदन चौहान, यमुनानगर


''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर
सम्पादक सत्यम नागपाल
को हार्दिक बधाई
अमित मनकट, राष्ट्रीय अध्यक्ष
एंटी करप्शन एंड क्राईम प्रीवेंशन


''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर
सम्पादक सत्यम नागपाल
को हार्दिक बधाई
डॉ. निर्मल सिंह
Physician MD


''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर
सम्पादक सत्यम नागपाल
को हार्दिक बधाई
सुरेश गर्ग, एमडी
होटल जीएम कॉन्टिनेंटल


''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर
सम्पादक सत्यम नागपाल
को हार्दिक बधाई
डॉ. नरेन्द्र शाही
फाउंडर, हेल्पिंग हैंड ग्रुप

''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर
सम्पादक सत्यम नागपाल
को हार्दिक बधाई
रमन प्रकाश त्यागी
सीनियर कांग्रेस नेता



## डीएवी गर्ल्स कॉलेज के ऑडिटोरियम में किशोर कुमार नाइट, सिंगिंग प्रोग्राम का हुआ भव्य आयोजन





**यमुना संदेश, यमुनानगर (अमित मनकट)** डी ए वी गर्ल्स कॉलेज के ऑडिटोरियम में किशोर कुमार नाइट, सिंगिंग प्रोग्राम का भव्य आयोजन किया गया तथा संगीत कला ग्रुप जगाधरी यमुनानगर के निर्देशक मिस्टर लवली सिंह एवं मुख्य आयोजक रमेश पारचा ,महेश बंसल, मनमोहन सिंह, गौरव चौधरी व संस्था से जुड़े हुए अन्य सभी कार्यकारिणी सदस्यों रामकुमार, प्रवीण कांबोज, सुमित कंबोज, ओमप्रकाश धीमान ,डॉ सुनील कांबोज, डॉक्टर जयदेव, मिस सुनीता, लता जी ,नैंसी सिंह, परमजीत सिंह, टीटू वर्मा, देवेंद्र अलवादी, मोहित गुप्ता, नरेंद्र, श्याम लाल, नीर स्वामी, श्रीमती कुलदीप कौर आदि द्वारा बड़ी सहृदयता से प्रोग्राम का आयोजन किया गया ।

इस प्रोग्राम में दिल्ली से आए प्रसिद्ध संगीतज्ञ बॉलीवुड प्रसिद्ध गायक हेमंत कुमार के भांजे पर्सन मुखर्जी , टी-सीरीज के मुख्य संचालक ने इस प्रोग्राम में अपनी शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढाई और सभी सिंगर्स की तारीफ करते हुए अपनी गायकी को और अधिक मधुर बनाने के लिए प्रेरित किया और आश्वासन दिलाया कि मैं यमुनानगर में आ चुका हूं। भविष्य में अच्छे कलाकारों को उच्चतम शिखर तक ले जाने के लिए मैं ऐसे प्रोग्राम में शामिल होता रहूंगा। इसी बीच सुर संगीत कला ग्रुप की टीम द्वारा आमंत्रित मुख्य अतिथि श्री सुनील कुमार गर्ग , सिनियर वाइस प्रेसिडेंट आर डब्लू ए सेक्टर 18 पार्ट- 1 जगाधरी, अमित मंकट,नेशनल प्रेसिडेंट आफ एंटी करप्शन, सुंदरलाल सैनी, गीता इंडस्ट्रीज जगाधरी, सुंदर नारायण, डॉक्टर नरेंद्र सूरी ने अपनी शिरकत कर प्रोग्राम को तहदिल से सराहा और आगे के लिए कहा कि इसी तरह के प्रोग्राम वर्ष में ज्यादा से ज्यादा होते रहने चाहिए हम इस टीम के साथ हमेशा तन मन धन से सहयोगी बने रहेंगे । इसके अलावा शहर से जुड़े सभी सिंगर्स श्री नवीन खुराना, रविंद्र जी, श्रीमती कुलदीप कौर, मुख्य अतिथि अमित मनकट, डॉ निर्मल, गेस्ट ऑनर डॉ नरेंद्र शाही, प्रमोद कुमार, स्पेशल गेस्ट सरदार जगजीत सिंह, सेलिब्रिटी गेस्ट जीत धीमान, पूजा बहल, सेलिब्रिटी गेस्ट इशिका कौशिक, सेलिब्रिटी गेस्ट, गेस्ट ऑफ़ ऑनर विक्रम सिंह , खुशी मुख्य अतिथि रमन गर्ग, समाजसेवी सत्यम नागपाल लोग मौजूद रहे। प्रोग्राम में शामिल मुस्कान, मिस रूबी, देवकी, मुस्कान, आइशा, गोल्डी और अन्य शहरों सेमुकेश कुमार मुस्तफाबाद हरियाणा फिल्म के डायरेक्टर एवं प्रोड्यूसर ने अपनी फिल्म का ट्रेलर दिखाते हुए अपनी टीम के ग्रुप के कलाकारों को अभिनय के रूप में आमंत्रित भी किया। इसके साथ बराडा से आए कमल सिंह, कृष्ण मचल ,जनरल सिंह, सिमरन जीत कौर, नारायणगढ़ से मिस ट्विंकल ने ,शीशा हो या दिल हो आखिर टूट जाता है, गीत गाकर सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी श्रोता गण ने इस प्रोग्राम को बड़े प्रेम पूर्वक सुनकर तालियों की ध्वनि के साथ सभी कलाकारों का मनोबल बढ़ाया और अत्यंत खुशी जाहिर की इसी बीच शहर के प्रसिद्ध एंकर व स्टेज सैक्रेटरी श्री संयम जी ने अपनी अहम भूमिका निभाते हुए बड़े सरल स्वभाव से अपनी मीठी स्पीच द्वारा इस प्रोग्राम की रूपरेखा को अंतिम पायदान तक खुबसूरत बनाए रखा।प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने अपनी-अपनी पूरी जुम्मेदारी को निभाया। सुर संगीत कला ग्रुप जगाधरी यमुनानगर के निर्देशक मिस्टर लवली सिंह एवं मुख्य कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा आये हुए मुख्य अतिथियों, गीतकारो व अन्य सभी प्रमुख सदस्यों को सम्मान पत्र व शिल्ड भेंट कर तहदिल से आभार व्यक्त किया।

## अमर द ज्वैलर्स द्वारा 35 विजेताओं को किए पुरस्कार वितरित



**यमुना संदेश, यमुनानगर (सत्यम नागपाल)** अमर द ज्वैलर्स में आयोजित कार्यक्रम में पहुंची मुख्य अतिथि रिचा पावा, प्रदेश महामंत्री, हरियाणा पहुंची। यहां पर ऑडियंस के साथ गेस्ट ऑनर सरदार जागीर सिंह उपस्थित रहे और उन्होंने मनोरंजन भी किया। इस अवसर पर लगभग 80 लोग मौजूद थे। यहां पर किटी पार्टी के साथ ही तंबोला की गेम भी खिलाई गई जिसमें महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। जाने-मानी हस्ती जूनियर जसपाल भट्टी, गुरमीत चावला भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी को फन गेम खिलाई, तंबोला गेम भी खिलाई, जिओ विनर थे 35 विनर को प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन भी किया गया। मालिक सुंदर नारंग और रनजीत नारंग ने कहा कि स्पेशल ऑफर ग्राहकों के लिए यहां पर उपलब्ध है। आप जो भी ज्वैलरी परचेज करेंगे उसमें स्पेशल ऑफर भी अमर द ज्वैलर्स की ओर से दिया यह स्पेशल ऑफर कुछ समय के लिए आप को मिलेगा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने तैराकी प्रतियोगिता में दिखाया कमाल



**यमुना संदेश, यमुनानगर (राजिन्द्र कुमार)** संत निश्चल स्कूल, यमुनानगर में जिला तैराकी चैंपियनशिप आयोजित की गई जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल, प्रोफेसर कॉलोनी यमुनानगर के बच्चों ने विभिन्न वर्गों में अपना कमाल दिखाया और कई पदक हासिल किये। देवांशी ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक 100 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक हासिल किया। अलीशा रंगा ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल और 100 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक तथा 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में भी स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया तो कुमारी देवांशी ने 50 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक 100 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने प्रशिक्षक का सीन गर्व से चौड़ा कर दिया। कुमारी वत्सला ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक, 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक, कुमार सक्षम रंगा ने 50 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक, 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत और 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में भी रजत पदक प्राप्त किया। कल्पिता ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल और 100 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक तथा 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक जीता। इन सभी के साथ कुमार वेदांश ने 25 मीटर किकिंग में कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया और उपस्थित लोगों की वाहवाही लूटी। विद्यालय के प्राचार्य श्री वी के काशिव ने सभी पदक धारियों को बधाई देते हुए उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की और छुट्टियों का सही मायने में सदुपयोग करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय के बच्चों को तैराकी की कला में प्रवीण करने के लिए उनके प्रशिक्षक को भी बधाई दी।

## हेल्पिंग हैंड ग्रुप के सहयोग से हुए फुटबाल मैच में फुटबाल कल्ब झंडा की टीम रही विजयी



**यमुना संदेश, यमुनानगर (रजत अरोड़ा)** हेल्पिंग हैंड ग्रुप के द्वारा सहयोग से, ड्रीम फुटबॉल अकादमी के द्वारा संचालित दो दिवसीय जिला स्तरीय अंडर 14, व अंडर 17 फुटबॉल कैंप का रंगारंग शुभारंभ पेपर मिल फुटबॉल मैदान में हुआ। अकादमी के संस्थापक नरेंद्र साही ने बताया कि यह टूर्नामेंट हमारी भारतीय फुटबॉल के सुप्रसिद्ध खिलाड़ी व हमारे यमुनानगर शहर के सुप्रसिद्ध खिलाड़ी स्वर्गीय नरेंद्र सिंह थापा की याद में ड्रीम फुटबॉल एकदमी द्वारा आयोजित किया गया। 14 लड़को के वर्ग का आयोजन किया गया इसमें पूरे जिले से टीमों ने भाग लिया। नन्हे खिलाड़ियों का जोश देखते ही वह बन रहा था। सभी टीमों ने बहुत ही अच्छा बढ़िया प्रदर्शन किया। फाइनल मैच daymic फुटबॉल club, झंडा, की टीम, ओर, यमुना, mighty के बीच, खेला गया। इसमें डे मनी फुटबॉल क्लब, झंडा की टीम विजय रही मैच के मुख्य अतिथि यमुनानगर के बिजली उत्पादक विक्रेता जसदीप सिंह कोहली रहे। इस अवसर पर ड्रीम फुटबॉल अकेडमी के सेक्रेटरी अनिल कुमार, सोहनलाल, सुनील कुमार सरिता, विभा गुप्ता, पवन,नरेंद्र थापा, दिलीप चंद, महेंद्र थापा, अनूप सैनी, रूप चंद, सत्यम नागपाल, दीपक थरेजा उपस्थित रहे।



# 25 जून 1975 का दिन आपातकाल के रूप में लोकतंत्र और राजनीतिक का सबसे दुःखद व काला अध्याय है : कंवरपाल गुर्जर

## भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे काले अध्याय, आपातकाल ( 25 जून, 1975 ), का विरोध करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की आस्था को संजोकर रखने वाले सभी सत्याग्रहियों को सादर नमन : भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा







**यमुना संदेश, यमुनानगर ( सत्यम नागपाल )** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जून 1975 को कांग्रेस सरकार द्वारा भारत देश में जबरन आपातकाल लगाने के विरोध में उठी प्रत्येक आवाज को नमन करते हुए भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल पर एमरजेंसी आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाने के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा सरकार कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने शिरकत की,भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे काले अध्याय, आपातकाल 25 जून, 1975 का विरोध करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की आस्था को संजोकर रखने वाले सभी सत्याग्रहियों को सादर नमन,

आपातकाल के दौरान जेल में यातनाएं सहने वाले लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट पवन सिब्बल ने आपातकाल के दौरान उनपर व अन्य लोगों पर दर्ज हुए झूठे मुकदमों की जानकारी दी व बताया कि कैसे जेल में बंद लोगों पर किस प्रकार बुरी से बुरी यातनाएं दी गईं। लोकतंत्र सेनानी महाराज कृष्ण पुरी के सुपुत्र गिरीश पुरी ने आपातकाल के दौरान अपने वृद्ध पिता के ऊपर हुए अत्याचारों की जानकारी दी, गिरीश पुरी ने बताया कि कांग्रेस के द्वारा लगाए गए आपातकाल के कृष्ण पुरी शिकार हुए, कृष्ण पुरी को पकड़ कर अम्बाला जेल में रखकर बुरी यातनाएं दी गईं, आपातकाल लागू कर लोगों को नसबंदी व झूठे मुकदमों के नाम पर जबरन फंसाया गया। मुख्य वक्ता कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा की वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चुनाव इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अवैध घोषित कर दिया था जिससे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पूरी तरह बौखला गई थी और उन्होंने भारत देश पर जबरन आपातकाल लागू कर दिया, इस आपातकाल के दौरान लोगों के मूलभूत मौलिक अधिकार तक छीन लिए गए, लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ प्रेस की आजादी पर पाबंदी लगा दी गई, लोगों को जबरन जेलों में ठूंसा गया जिसमें बहुत बड़ी संख्या भारत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ के कार्यकर्ताओं की रही, कांग्रेस पार्टी ने उसे समय संविधान को बुरी तरह से रौंदते हुए अपने मनमर्जी के कानून लागू किये, झूठे आरोपों में बंद विपक्षी पार्टियों के नेताओं व आम लोगों को जेल में बुरी यातनाएं दी गई व जेल से बाहर उनके परिजनों को बेवजह तंग किया गया ,वर्ष 1947 में भारत देश के विभाजन के बाद 25 जून 1975 को आपातकाल लागू करना भारत देश के इतिहास का सबसे दुखद अध्याय है जिसकी ज्यादा से ज्यादा निंदा की जानी चाहिए ,कांग्रेस पार्टी ने लोकतंत्र का हमेशा मजाक उड़ाया है। कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि आपातकाल इमरजेंसी को 50 साल पूरे हो गए हैं,पूरे देश में कांग्रेस पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी को संविधान विरोधी बता करके भाजपा संविधान बदल देगी ऐसा झूठा जो दुष्प्रचार किया है उस कांग्रेस पार्टी की हकीकत यह है कि उसने 80 से ज्यादा बार संविधान को बदला है और लगभग 100 बार से ज्यादा चुनी हुई राज्य सरकारों को बदलकर के राष्ट्रपति शासन लगाया है।

कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सबसे बड़ा पाप 25 जून 1975 को किया जब उसने भारत के इतिहास में पहली बार 21 महीनों के लिए आपातकाल लगा करके देश के माथे पर एक कभी न मिटने वाला कलंक लगा दिया। भारत की नई पीढ़ी इस बात को कभी नहीं भूलेगी कि 25 जून 1975 को संविधान की धज्जियां उड़ा दी गयी थी,25 जून 1975 को भारत के संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था,25 जून 1975 को देश को जेलखाना बना दिया गया था,25 जून 1975 को देश के तमाम विपक्षी नेताओं को रात के समय जेल में डाल दिया गया था।25 जून 1975 को लोकतंत्र को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया गया था।

कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि आपातकाल के दौरान जिस किसी ने भी आपातकाल का विरोध किया या उसके खिलाफ आवाज उठाई उसे भी झूठे केसों में जेल में बंद कर दिया गया यह बात संविधान के ठीक विपरीत थी ,कांग्रेस कांग्रेस पार्टी ने धारा 356 का दुरुपयोग कर देश भर में विपक्ष की राज्य सरकारों को बेवजह बर्खास्त करके संविधान का मजाक उड़ाया है,आपातकाल का विरोध करने वाले सभी राजनीतिक लोगों व आम जनता का वह आभार व धन्यवाद करते हैं जिन्होंने आपातकाल के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाई और आपातकाल को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ,वह भारतीय जनता पार्टी की ओर से ऐसे सभी लोगों को नमन करते हैं, कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला ने किया,भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल में गए हुए जिला यमुनानगर के महाराज कृष्ण पुरी,पवन सिब्बल व लोकतंत्र सेनानी जिनका निधन हो गया है उनके परिवार से सुशील कुमार, रामप्रकाश, हरीश डांग बहुत से लोगों को लोकतंत्र सेनानी के रुप में सम्मानित किया गया

# विश्व हिंदू महासंघ असम प्रांत के कोर कमेटी की हुई बैठक





**यमुना संदेश, असम।** विश्व हिंदू महासंघ असम प्रांत के कोर कमेटी की बैठक की गई। इस बैठक की अगुवाई नॉर्थ ईस्ट प्रभारी एवन राष्ट्रीय महामंत्री मातृ शक्ति प्रकोष्ठ लीमा महानता ने किया। ये बैठक अचानक से तब लिया गया जब संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री आचार्य संतोष दुबे गुवाहाटी में मां कामाख्या शक्तिपीठ अंबुबाची पर्व पे दर्शन पूजन के उद्देश्य से गए थे।

आचार्य संतोष दुबे ने बताया असम प्रांत में पूज्य महाराज श्री योगी आदित्यनाथ जी को आदर्श मानकर वहा के नए युवा पीढ़ी संगठन के लिए तन मन धन से तत्पर है। वो हिंदुत्व और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति तक देने के लिए तैयार है। विशेष कर पहाड़ों के उन इलाकों में संगठन जोरो से काम करेगा जहा पर धर्म परिवर्तन तेजी से कराया जा रहा हैं। कार्यक्रम में प्रांत स्तर के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

# एंटी करप्शन एंड क्राइम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित मनकट ने लवली सिंह, ओम प्रकाश व ममता को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

**यमुना संदेश, यमुनानगर ( सत्यम नागपाल )** यमुना नगर एंटी करप्शन एंड क्राइम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित मनकट के द्वारा लवली सिंह, ओम प्रकाश व ममता को प्रिवेंशन के कार्यालय में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शपथ दिलाई गई कि हम भ्रष्टाचार व क्राइम के खिलाफ प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सलाहकार कोमल ओबेरॉय व राष्ट्रीय पब्लिक रिलेशन आफिसर सत्यम नागपाल भी मौजूद रहे।



# स्पैशल सैल की टीम ने चोरों से चोरी का सामान खरीदने वाला कबाडी किया गिरफ्तार




**यमुना संदेश, यमुनानगर ( बालकिशन )** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पैशल सैल की टीम ने चोरों से चोरी का सामान खरीदने के मामले में दडवा डेहा बस्ती निवासी अमित उर्फ मिता को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इंचार्ज राजेश राणा ने बताया कि उनकी टीम ने कार्यवाही करते हुए दडवा निवासी विक्की को गिरफ्तार किया था। आरोपी ने चोरी की सात वारदातों को करना कबूल किया था। आरोपी से जब चोरी किये गए सामान बारे पूछताछ की गई तो सामने आया कि आरोपी ने चोरी का सामान कबाडी को बेच दिया था। कबाडी दडवा निवासी अमित उफ मिता है और वही पर उसकी दुकान है। आरोपी रात को चोरी करता और दिन में चोरी का सामान कबाडी को बेच देता। अब टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी अमित को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की गई और कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# अहसान गुर्जर को मिला मैन आफ द मैच






**यमुना संदेश, यमुनानगर ( बालकिशन )** पश्चिम बंगाल में मोहन बागान फुटबॉल स्टेडियम मे चल रही तीसरी अंडर 17 पेफी नैशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल कक्षा 11वी के विद्यार्थी ने हिमाचल के खिलाफ 2 गोल दाग कर मैन ऑफ द मैच अपने नाम किया। कोच नरेन थापा ने बताया कि टीम के सभी खिलाड़ियों ने इस मैच में शानदार खेल का प्रदर्शन किया और 4 गोल से मैच जीत लिया। मैच के 10वे मिनट में अर्पित ने डिफेंस लाइन को रौंदते हुए गेंद को गोल मे डाल दिया। दूसरा गोल राघव आले ने बाएं छोर से हवा में आई गेंद को जबरजस्त किक के प्रहार से गेंद को जाल में फसा दिया। आखरी दोनों गोल अहसान ने दाएं छोर से हवा में आए क्रास को सिर से गेंद को गोल मे डालने मे कोई चूक नहीं की। हरियाणा टीम ने शुरू से ही विपक्षी टीम को दबाव में बनाए रखा और कई मौके भी गवाए।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की बैठक सम्पन्न

# 01 जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 जुलाई से दस्तक अभियान चलाया जायेगा : सीडीओ श्री अभिनव गोपाल

**यमुना संदेश, गाजियाबाद ( अनिल गुप्ता )** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में संचारी रोग नियन्त्रण अभियान (1-31 जुलाई 2024) एवं दस्तक अभियान (11-31 जुलाई 2024) हेतु प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। अन्तर्विभागीय बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद ने कहा कि समस्त विभाग अपने-अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगें, जिससे की जनपद को आगामी संक्रामक सीजन में संचारी रोगों के प्रसार को नियंत्रित अथवा न्यूनतम रखा जा सके। विगत 05 वर्षों के सूचकांक के आधार पर संवेदनशील क्षेत्रों/गांव इत्यादि में विशेष अभियान चलाकर इस वर्ष



उन क्षेत्रों में संचारी रोगों के प्रसार को नियंत्रित किया जाये।

सीडीओ श्री अभिनव गोपाल ने पंचायती राज विभाग / ग्राम्य विकास विभाग को निर्देशित किया कि समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में एम0ओ0आई0सी0 के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तालाबों की साफ-सफाई एवं आस-पास की झाडियों की कटाई को प्राथमिकता के तौर साफ करायेंगे। नगर निगम आर0डब्लू0ए0 के साथ समन्वय बैठक स्थापित करेंगे। नगर निगम, नगर पालिका एवं जिला पंचायतीराज अधिकारी नियत समयावधि में साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग इत्यादि का कार्य सुनिश्चित करायेंगें।

उन्होने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देशित किया गया कि वह साप्ताहिक बाजारों में एवं खुले में बिकने वाले मिठाइयों को जांच करेंगे। कृषि/सिंचाई विभाग मच्छर प्रजनन स्थलों का चिन्हिकरण कर सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही, झाडियों की कटान, मच्छर प्रजनन रोकने इत्यादि के संबंध में माइक्रोप्लान तैयार कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। कहा कि उद्यान विभाग को मच्छररोधी पौधों जैसे लेमनग्रास, तुलसी, नीम का अधिकाधिक पौधारोपण करें। महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र विभाग द्वारा निर्देशित किया गया कि वह कंस्ट्रक्शन साइट पर कार्यरत एजेन्सी/फर्म ठेकेदार की सूचना जिला मलेरिया अधिकारी गाजियाबाद को उपलब्ध कराये। उपश्रमायुक्त विभाग कंस्ट्रक्शन साइट पर कार्यरत श्रमिकों की सूचना जिला मलेरिया अधिकारी को उपलब्ध करायेगें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद पशु पालन विभाग द्वारा नगर निगम गाजियाबाद को समस्त सूकर पालकों एवं पोलिट्र फार्म की सूचना उपलब्ध करायेगें। उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा चिन्हित किये गये डेंगु से प्रभावित क्षेत्रों जैसे क्रोसिंग रिपब्लिक, इन्द्रिापुरम, राजेन्द्र नगर साहिबाबाद के क्षेत्रों में नोडल अधिकारी नामित किये जाये। निर्माणाधीन स्थलों पर मच्छर प्रजनन की स्थिति को रोकने हेतु सम्बन्धित को उचित दिशा-निर्देश निर्गत कराने का कष्ट करें। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि वह छात्र-छात्राओं को फुल ड्रेस में स्कूलों / विद्यालयों में आने हेतु एवं अभिभावक को अपने माध्यम से संवेदीकरण करते हुए तथा प्रत्येक निजी / सरकारी विद्यालयों में संचारी रोग अभियान हेतु नोडल अध्यापकों को नामित करने हेतु निर्देशित किया जाये। जनपद में संचारी रोगों के प्रसार का नियंत्रित करने हेतु सम्बन्धित 13 विभागों के अधिकारीगण ने प्रतिभाग किया है, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायतीराज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला सर्विलान्स अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी के साथ-साथ स्थानीय निकायों के अधिशासी अधिकारी ब्लॉक स्तर से ब्लॉक डवलपमेन्ट ऑफिसर इत्यादि सम्मिलित रहे।

# हरियाणा रोडवेज साँझा मोर्चा यमुनानगर ने की एक दिन की सांकेतिक भूख हडताल

**यमुना संदेश, यमुनानगर ( सत्यम नागपाल )** हरियाणा रोडवेज साँझा मोर्चा हरियाणा डिपो यमुनानगर की गेट मीटिंग व प्रदर्शन यमुनानगर डिपो प्रधान महिपाल सौदे, धर्मेंद्र कादियान, मुकेश पोसवाल,जगजीत सिंह, रघबीर सिंह की अध्यक्षता की गई। गेट मीटिंग व प्रदर्शन का संचालन डिपो सचिव राजेश कम्बोज,संजीव कुमार,प्रदीप कुमार,मनिंदर सिंह ने की। साँझा मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर सरकार द्वारा मांगी हुई माँगों को लागू ना करवाने को लेकर 10 बजे से लेकर 4 बजे तक सांकेतिक भूख हडताल की गई व इस बारे महाप्रबंधक महोदय द्वारा सरकार को ज्ञापन दिया गया। सरकार द्वारा करनाल व हिसार सेंट्रल वर्कशॉप में ईंजन मरमत कार्य,पम्प कार्य व टायर रिसोल कार्य की समीक्षा बारे एक कमेटी का गठन किया हैं। सांझा मोर्चे ने सूत्रों से पता चला हैं कि गठन कमेटी कुछ सीमित समय को आधार मानकर खर्चा अधिक होने के अंदेशे के कारण दोनों वर्कशॉपो को बंद करने की सिफारिश करने जा रही हैं।जिसका सांझा मोर्चा विभाग हित मे विरोध करता हैं।क्योकि दोनों वर्कशॉपो में कार्य करने की कुशलता व गुणवत्ता बहुत अच्छी हैं।जो किसी प्राइवेट कम्पनी से कही बेहतर हैं। इन दोनों वर्कशॉपो में लगीं मशीनों को अपग्रेड भी किया जा सकता हैं।जिससे बस-6 की बसों का कार्य भी करवाया जा सकता हैं। आप द्वाराHREC गुरुग्राम bodi section से नई 500 बसों की बॉडी निर्मित न करवा करके किसी अन्य प्राइवेट कम्पनी में बसों की बॉडी निर्मित करवाने की योजना बनाई जा रही हैं। रोडवेज विभाग द्वारा पिछले समय मे 1000 बसों की बॉडी अन्य कम्पनी से निर्मित करवाई थी। HREC के मुकाबले इन प्राइवेट कम्पनी से निर्मित बसों की बॉडी की तुलना की जाए तो HREC से निर्मित बसों की बॉडी



कही बेहतर हैं। परिणाम हम सबके सामने हैं। आप द्वारा चालक परिचालकों का रात्रि ठहराव भत्ता केवल 10 रात्रि ठहराव समिति किया गया हैं। यह निर्णय विभाग हित मे नही हैं क्योंकि सभी डिपो में सभी मार्गो अनुसार स्टाफ उपलब्ध नही हैं। जिन मार्गो पर स्टाफ उपलब्ध नही हैं ओर 10 रात्रि ठहराव के बाद इन रात्रि ठहराव मार्गो से चालक,परिचालकों हटाया गया तो इन मार्गो पर रात्रि ठहराव पर चलने के लिए स्टाफ उपलब्ध न होने के कारण ये मार्ग बंद हो जाएंगे। जिससे विभाग को राजस्व के रूप में नुकसान होगा ओर आम जनता,छात्र,छात्राओ को परिवहन से वंचित होगी।

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा की 10/06/ 2024 को वर्चुअल बैठक के निर्णय अनुसार डिपो कमेटी 26/06/2024 को यमुनानगर डिपो के महाप्रबंधक के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया विभाग हित मे करनाल,हिसार में इंजन,पंप मरमत कार्य व टायर रोसोल का कार्य गुणता व कार्य की कुशलता को देखते हुए पूर्व की भांति करनाल,हिसार वर्कशॉपो से ही कार्य करवाया जाए। HREC गुरुग्राम में बस बॉडी निर्मित कार्य की गुणवत्ता प्राइवेट कम्पनी से कही बेहतर हैं। इस लिए नई बसों की बॉडी निर्मित कार्य HREC गुरुग्राम से ही करवाया जाए। विभाग को राजस्व हानि व आम जनता परिवहन सेवा से वंचित न रहना पड़े। इसलिए रात्रि ठहराया सम्बंधित जारी आदेश पत्र को तुरन्त वापिस लिया जाए है। फूल कुमार कम्बोज ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए , कौशल रोजगार निगम बंद किया जाये व कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, एक साल से टी0 ए0,ओवर टाइम नहीं दिया जा रहा है व तय किलोमीटर से ज्यादा काम लिया जा रहा है भूख हडताल पर महिपाल सौदे, जगजीत सिंह, मुकेश पोसवाल,फूल कुमार कम्बोज, पंकज कम्बोज, विपिन कम्बोज, धर्मेंद्र कादियान, कमल कुमार, रघबीर सिंह,राजेश कम्बोज,विजय कुमार,सुखबीर सिंह, चंद्र पाल , रघबीर पंजाबी , पवन कुमार, विजय, कर्मबीर आदि कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। धरने में इंटक के जिला प्रधान धर्म पाल व सर्व कर्मचारी संघ से जिले के सचिव गुलशन भारद्वाज,जोत सिंह,विजय, सतीश जांगडा ,प्रेम प्रकाश, कुकी,मनजीत कौर गेस्ट टीचर, किशोर कुमार आदि ने हिस्सा लिया। उपरोक्त विषयों पर सांझे मोर्चे द्वारा दिए गए तर्को व सुझावों की अगर अनदेखी की गई तो सांझा मोर्चा विभाग एवम कर्मचारी हित हड़ताल जैसे बड़े आंदोलन करने को मजबूर होगा। जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

इस मौके पर नन्द लाल कम्बोज, सज्जन पाल,नितिन कम्बोज, मनीष कम्बोज, बृज भूषण, संजय कुमार, संजीव कुमार, पवन कुमार,मुकेश कुमार, विपिन कुमार, आजाद सिंह, बलविंदर कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्पैशल सेल की टीम ने निर्माणाधीन मकान से चोरी करने का एक आरोपी व प्रतिबंधित दवाइयों के सप्लायर को किया गिरफ्तार।

**यमुना संदेश, यमुनानगर ( लाल सिंह )** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस की विभिन्न टीम में अपराध व अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में कार्यवाही करते हुए स्पैशल सेल की टीम ने निर्माणाधीन मकान में हो रही चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जिससे चोरी की सात वारदातों का खुलासा हुआ। वही टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित दवाइयां के मुख्य तस्कर मेडिकल स्टो संचालक को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इंचार्ज राजेश राणा ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि दडवा मोड पर एक युवक चोरी की फिराक में घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक मक्खन सिंह, राजू राणा, सुरेंद्र, कुलदीप की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे दडवा डेहा बस्ती निवासी विक्की को गिरफ्तार किया। आरोपी पर पहले भी करीब चार मामले चोरी के दर्ज है और वह मार्च माह में जमानत पर जेल से बाहर आया आते ही फिर से चोरी की वारदात करनी शुरू कर दी। इंचार्ज राजेश राणा ने बताया कि आरोपी ने 10 अप्रैल को सेक्टर 15 में सुने पड़े मकान में वारदात को अंजाम दिया। 25 अप्रैल को सेक्टर 18 हुड्डा में निर्माणाधीन मकान से सामान चोरी किया। करीब डेढ़ महीने पहले हुड्डा सेक्टर 17 से निर्माणधीन मकान से सामान चोरी किया। इंचार्ज राजेश राणा ने बताया कि उनकी टीम ने 22 जून को कार में सवार होकर प्रतिबंधित दवाइयां लेकर आ रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने बताया था कि वह यह प्रतिबंध दवाइयां उत्तर प्रदेश के कुतुबपुर निवासी अमित से लेकर आते हैं आरोपी अमित का मेडिकल स्टोर है और वह प्रतिबंधित दवाइयां बेचता है टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित को भी गिरफ्तार कर लिया आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



# 16 जुलाई को धूमधाम से निकाली जाएगी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

**यमुना संदेश, यमुनानगर ( सत्यम नागपाल )** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगातार 24वीं बार आपके शहर यमुनानगर में इस्कॉन कुरुक्षेत्र व इस्कॉन प्रचार समिति यमुनानगर जगाधरी द्वारा भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। यह जानकारी इस्कॉन प्रचार समिति यमुनानगर जगाधरी द्वारा मीटिंग में दी गई। यह रथ यात्रा 16 जुलाई को शाम 5:00 बजे रादौर रोड से शुरू होकर रात्रि 9:00 बजे विशाल




भंडारे के साथ शास्त्री कॉलोनी में संपन्न होगी। इस रथ यात्रा के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। साथ मे कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भी मौजूद रहेंगे। यह रथ यात्रा श्री मान साक्षी गोपाल दास जी (अध्यक्ष इस्कॉन कुरुक्षेत्र व यमुनानगर तथा जोनल सेक्रेट्री हरियाणा) के नेतृत्व में होगी। इस्कॉन प्रचार समिति के चेयरमैन राम निवास गर्ग (पूर्व चेयरमैन हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड हरियाणा सरकार) ने बताया की यह रथ यात्रा यमुनानगर ही नही हरियाणा का भी गौरव बन गई है। उन्होंने शहर वासियों से अनुरोध किया है कि सभी शहर वासी इस रथ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले व भगवान जगन्नाथ जी का आशीर्वाद स्वीकार करें। मौके पर वाइस चेयरमैन भारत गर्ग, प्रधान संदीप बंसल रथ यात्रा डायरेक्टर प्रशांत पशु पाठक, रथ यात्रा डायरेक्टर मनजीत नारंग अमर ज्वेलर, मुरारी उज्वल दास (मनप्रीत वालिया), परीक्षित पुत्र दास, कृष्ण दर्शन दास, राघव शिरोमणि दास, नन्द ग्राम दास, पाण्डु पुत्र दास, महिमा वान दास, सुमित मित्तल, खुशी राम ठकराल, महेंद्र कालड़ा आदि मौजूद रहे।

### समाज को नशा एवं भ्रष्टाचार मुक्त करने में जुटे कार्यकर्ता हुए सम्मानित

# नशा व भ्रष्टाचार ही देश की सबसे बड़ी समस्या : डॉ निर्मल






**यमुना संदेश, यमुनानगर (सत्यम नागपाल)** समाज से भ्रष्टाचार एवं नशे को दूर करने का संकल्प लेते हुए एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन टीम द्वारा पैगाम कार्यक्रम का आयोजन महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। इस मौके पर भ्रष्टाचार तथा नशे के विरुद्ध कार्य कर रहे टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता डॉ निर्मल एवं धीमान समाज के अध्यक्ष तिलकराज धीमान तथा वशिष्ठ अतिथि के रूप में पंजाबी सिनेमा की अदाकारा निशा बानो, समीर, स्टैंड अप कॉमेडियन सिराज खान, गायिका जस मायरा, प्रीत, सोहताश, जूनियर अमिताभ बच्चन, गुरमीत चावला जूनियर जसपाल भट्टी आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर टीम के सदस्य जो की देश के अलग-अलग प्रति यहां तक की अंडमान निकोबार से भी कार्यक्रम में पहुंचे थे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन टीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित मनकट, सुरेश गर्ग, गौरव भंडारी, कोमल ओबेरॉय, राजेश मस्कारा, पूर्व सीएमओ डॉक्टर विजय दहिया तथा ट्राई सिटी चंडीगढ़ से आई टीम के सदस्य शामिल रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित मनकट तथा सुरेश गर्ग ने मंच से टीम के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे के विरोध में तथा समाज से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए हमें 24 घंटे तैयार रहना है। पुलिस प्रशासन की मदद से नशे पर वह भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का उनका प्रयास है जो कि देश के अलग-अलग राज्यों में भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को पैगाम अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है ताकि उनका मनोबल और हौसला बढ़ता रहे और वह इसी तरह समाज में कार्य करते रहें। मुख्य अतिथि डॉ निर्मल तथा तिलकराज धीमान ने भी टीम के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज समाज में ऐसे ही लोगों की जरूरत है जो कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध खड़े हो सके और समाज को इस नशे से मुक्त कर सके।

एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन टीम द्वारा देश भर में जो यह अभियान चलाया गया है वह निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। सरकार व प्रशासन का सहयोग भी टीम को मिल रहा है। इस मौके पर बाहर से आए कलाकारों ने तथा नाटक के माध्यम से कलाकारों ने देशभक्ति के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में सेलिब्रिटी गेस्ट निशा बनो द्वारा सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया तथा आह्वान किया गया कि समाज से नशे को खत्म करना है तथा भ्रष्टाचार जो की हर व्यक्ति की रग में फैल चुका है को दूर करना है।

# पुलिस ने उपद्रवियों पर काबू पाने और कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए मोबाइल पीसीआर और 112 हेल्पलाइन वाहन बढ़ाए

### ट्रैफिक पुलिस और थाने के मुख्य अधिकारियों को दिए गए बॉडी कैमरे



**यमुना संदेश, श्री मुक्तसर साहिब (संजीव कुमार गर्ग)** स. भगवंत सिंह मान, पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री, गौरव यादव आईपीएस डीजीपी पंजाब और श्री गुरशरण सिंह संधू आईपीएस आईजीपी। फरीदकोट रेंज फरीदकोट, भागीरथ सिंह मीना आईपीएस, एसएसपी श्री मुक्तसर साहिब के निर्देशों के तहत बुरे तत्वों और नशे के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया है, जिसके तहत जिला पुलिस द्वारा अलग-अलग दस्ते बनाकर संदिग्धों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है जगह-जगह नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की जांच की जा रही है। तदनुसार भागीरथ सिंह मीना आई.पी.एस. एसएसपी, श्री मुक्तसर साहिब द्वारा जिला क्षेत्र की क्राइम मैपिंग और फोर्स का ऑडिट कर अपराध को रोकने और बुरे तत्वों को नियंत्रित करने के लिए जिले में पीसीआर वाहनों और अन्य कर्मियों को तैनात किया जाएगा हेल्प लाइन 112 के लिए जिले को वाहनों की संख्या बढ़ायी गयी तथा वाहन आवंटित किये गये लेकिन 02 और वाहनों को कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर रवाना किया गया। इस अवसर पर श्री मनमीत सिंह ढिल्लों पीपीएस, एसपी (इनवै), श्री मुक्तसर साहिब, एस.आई. रविंदर कोर प्रभारी पीसीआर, श्री मुक्तसर साहिब और अन्य पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस अपराध को घटित होने से रोकने और अपराध का पता लगाकर अपराधियों पर काबू पाने के लिए हर तरह के प्रयास/व्यवस्था कर रही है. जिला पुलिस प्रमुख ने कहा कि उन्होंने जिले में चोरी, जबरन वसूली की घटनाओं और अन्य अपराधों की मैपिंग करके क्षेत्र की पहचान की है।

जिले के शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी बाजार लगता है।जिसके चलते उन्होंने बल का ऑडिट किया और गैर-आपातकालीन स्थानों पर तैनात कर्मचारियों को मोबाइल पीसीआर प्रदान की। वाहन लेकिन तैनात करके, पहले चल रही मोबाइल पीसीआर। वाहनों के अलावा शहरी क्षेत्र के साथ लगते थाना सदर श्री मुक्तसर साहिब के ग्रामीण क्षेत्र में 03 नई मोबाइल पीसीआर, थाना किल्लियांवाली के क्षेत्र में 01 नई मोबाइल पीसीआर। तथा गिद्दड़बाहा क्षेत्र में 01 नई मोबाइल पी.सी.आर. गाड़ी स्टार्ट कर दी गई है. उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब सरकार द्वारा जन हेल्प लाइन 112 की सुविधा के लिए जिले को 02 नए वाहन उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन पर्याप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती करके इन्हें प्रभावी ढंग से शुरू कर दिया गया है, जो अब जिले में कुल 04 हैं लाइन के लिए वाहनों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिसका क्षेत्र इस प्रकार बांटा गया है कि शिकायत मिलने पर पुलिसकर्मी बहुत कम समय में पहुंच सकें।

जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस और थाने के मुख्य पदाधिकारियों को आधुनिक तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराते हुए 12 बॉडी कैमरे उपलब्ध कराये गये हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर पुलिस द्वारा की जा रही चेकिंग को रिकार्ड किया जा सके और देखा जा सके. जिला पुलिस प्रमुख ने कहा कि जनता की सुरक्षा के लिए जिला पुलिस हर वक्त तैयार है, किसी भी बुरे तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।

# एनसीसी कैंप समापन समारोह के दौरान कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन



**यमुना संदेश, यमुनानगर (रजत अरोड़ा)** एनसीसी सीएटीसी कैंप के अंतिम दिन आज कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह ने कैंप समापन पर कैडेट्स को देश के श्रेष्ठ नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया। आज समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक सिंगला व सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुमीत जिंदल उपस्थित रहें । विशेष अतिथि के रूप में खालसा कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ हरिंद्र सिंह कंग, सरदार मनमोहन सिंह, मिसेज जे. सिंह उपस्थित रहे । उल्लेखनीय है कि सरस्वती विद्या मंदिर जगाधरी के परिसर में 28 मई से दस दिवसीय सीएटीसी कैंप कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह व एडम ऑफिसर कर्नल संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। कैंप के अंतिम दिन आज सभी स्कूलों के कैडेट्स ने सरस्वती विद्या मंदिर के ऑडिटोरियम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति की। मुकुंद लाल नैशनल कॉलेज की गर्ल्स कैडेट्स ने कलात्मक नृत्य प्रस्तुत किया तो जवाहर नवोदय विद्यालय चुहूडपुर के कैडेट्स ने हारनोनियम, बांसुरी, सितारे व ढोलक पर हाथ अजमाकर अपना प्रतिभा दिखाई। मुकुंद लाल पब्लिक स्कूल व तेजली की गर्ल्स कैडेट्स ने पंजाबी गिद्दा किया तो दयालसिंह पब्लिक स्कूल के कैडेट्स ने जबर्दस्त भंगडा किया। इस अवसर पर कमांडिग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह ने दस दिवसीय कैंप की पूरी जानकारी प्रस्तुत की तथा कैंप में बेस्ट कैडेट्स के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले ब्वायज गर्ल्स कैडेट्स को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। कैंप की व्यवस्था में कार्यरत्त एनसीसी ऑफिसर कैप्टन ममता ऑबराय, डॉ उमेश प्रताप वत्स,

अंजु गंभीर, नीरज कुमार, विनोद सेठी, पुनीत बावरा, राजेन्द्र सांगवान, संजीव नागरा, सचिन शर्मा व केयर टेकर नीलम कुमारी को उपहार स्वरूप भेंट देकर सम्मानित किया। मीडिया कर्मियों के सहयोग पर भी धन्यवाद करते हुए दस दिन पूरा समय कैंप की कवरेज करने पर पत्रकार सत्यम नागपाल को भी कैप पहनाकर सम्मानित किया। समारोह के बाद सभी कैडेट्स को कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह व एडम ऑफिसर कर्नल संदीप शर्मा के द्वारा कैंप प्रमाण पत्र दिये गये। एसएम शहनाज हुसैन ने बताया कि कैंप के समापन पर कैडेट्स का घर जाने को मन नहीं कर रहा था। ऐसे एक सवाल पर कैडेट प्रसिद्ध ने कहा कि कैंप की व्यवस्था और भोजन का सत्र बहुत अच्छा था, अब हमारा पूरा मन लग गया है तो कैंप समाप्त हो गया। कैडेट्स जशनदीप कौर व मनीषा ने कहा कि पीआई स्टाफ के व्यवहार के कारण हमें घर से भी अधिक अच्छा वातावरण यहां कैंप में मिला है। सभी ने हमें हर विषय को बहुत अच्छे से सिखाया है। कैडेट फैजान ने कहा कि मैनें पहला बार राइफल न केवल पकड़ी है अपितु टार्गेट हिट करने का प्रतिदिन अभ्यास भी किया है। कैडेट्स यश व चेतन ने बताया कि प्रतिदिन शाम को वॉलीबॉल, बॉस्केटबॉल, रस्साकशी व बैडमिंटन आदि खेलकर गर्मी का पता ही नहीं चलता था कैसे चली गई। कैडेट्स खुशी-खुशी कैंप की यादें बटोरकर अपने अभिभावकों के साथ घर के लिए रवाना हुये। इस अवसर पर इस अवसर पर एसएम साहब शहनाज हुसैन, कैप्टन ममता ऑबराय, डॉ उमेश प्रताप वत्स, फर्स्ट ऑफिसर अंजु गंभीर, सेकेंड ऑफिसर नीरज शर्मा, सेकेंड ऑफिसर विनोद सेठी, लै. राजेन्द्र सांगवान, थर्ड ऑफिसर पुनीत कुमार, थर्ड ऑफिसर सचिन शर्मा, केयर टेकर नीलम कुमारी, सुबेदार रूप सिंह, सुबेदार नारायण दास , बलबीर सिंह, विजय कुमार, शमशेर सिंह, अरुण कुमार, हवलदार विक्रमजीत सिंह, सतविन्द्र सिंह, अर्जुन कुमार तथा पीआई स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# राघव बक्शी और एहसान के गोल की बदौलत हरियाणा सेमीफाइनल में और आसिफ खान को मिला मैन आफ द मैच



**यमुना संदेश, यमुनानगर (बालकिशन)** पश्चिम बंगाल के मोहन बागान फुटबॉल मैदान मे चल रही तीसरी अंडर 17 पेफी नैशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल कक्षा 11वी के छात्र राघव बक्शी और एहसान गुज्जर ने लीग के तीसरे मैच मे गुजरात के खिलाफ शानदार गोल दाग कर हरियाणा टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश दिला दिया और मैन ऑफ द मैच आसिफ खान ने अपने नाम किया। हरियाणा पेफी अध्यक्ष एवम कोच नरेन थापा ने बताया कि टीम के सभी खिलाड़ियों ने इस मैच में शानदार खेल का प्रदर्शन किया और 2 गोल से मैच जीत लिया। मैच के 6वे मिनट में एहसान ने डिफेंस लाइन को भेदते हुए गेंद को गोल मे डाल दिया। दूसरा गोल राघव बक्शी ने बड़ी सूझबूझ से मैच के 30वे मिनट मे 35 गज की दूरी से फ्री किक से किया। हरियाणा टीम ने शुरू से ही विपक्षी टीम को दबाव में बनाए रखा और कई अच्छे प्रयास किए किन्तु दो गोल से ही संतोष करना पड़ा।



# हर सिर को मिले छत, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकार की योजना का लाभ : कंवर पाल

## जगाधरी अनाज मंडी में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना का प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर वितरण समारोह हुआ आयोजित

## समारोह में जगाधरी, करनाल व पिंजौर के 4203 लाभार्थियों को दिए अलॉटमेंट लेटर

**यमुना संदेश, जगाधरी (ईशा)** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जगाधरी, करनाल व पिंजौर के 4203 लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित किए और कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य है कि हर सिर को छत मिले और प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। बुधवार को जगाधरी की अनाज मंडी में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत लाभार्थियों को प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल मुख्य अतिथि रहे और यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि द्वारा जगाधरी के 3139, करनाल के 521 और पिंजौर के 543 लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित करने की शुरुआत तीनों स्थानों के 50 लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर देकर की। इस दौरान मंच पर यमुनानगर के 14, करनाल के 20 और पिंजौर के 16 लाभार्थियों को लेटर वितरित किए गए। बाकी लाभार्थियों को नाम के पहले अक्षर के आधार पर लगाए गए 13 काउंटर पर लेटर दिए गए। लेटर पाकर लाभार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार गरीब परिवार को मुख्यधारा में लाने का प्रयास कर रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना मकान नहीं है, उसके सपने को साकार करने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में प्लॉट अलॉटमेंट लेटर वितरित किए जा रहे है। कुछ ही समय पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करीब 9000 ग्रामीण लोगों को उनके सौ-सौ गज के प्लाटों के मालिकाना हक के पत्र दिए और आज प्रदेश के 14 शहरों के 15250 लाभार्थियों को प्लॉट दिए गए। जो कि अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जिस गांव में पंचायती जमीन नहीं है, उस गांव में गरीब व्यक्ति को प्लॉट खरीदने के लिए एक लाख रुपये देने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि छह जून को आचार संहिता हटी थी। अभी 20 ही दिन हुए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा गरीबों के लिए ताबड़तोड़ काम किए जा रहे है। हैप्पी योजना के तहत गरीब व्यक्ति 1000 किलोमीटर हरियाणा रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। श्रमिकों के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने अनेक घोषणाएं की है और इन घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए 80 करोड़ रुपये भी तुरंत मंजूर किया है। बिजली का बिल कम करने के लिए भी मुख्यमंत्री ने गरीब परिवारों के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कृषि मंत्री कंवरपाल को, एडीसी आयुष सिन्हा ने विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को, एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश ठसका व शहरी विकास प्राधिकरण पिंजौर की प्रशासक वर्षा खगनवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व मेयर मदन चौहान, उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव, जेडीटीओ अजय वालिया, डीआईओ विनय गुलाटी, पिंजौर से संजीव कौशल, भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला सहित अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।







### हमारा प्रयास हर गरीब को मिले सरकार की योजनाओं का लाभ - अरोड़ा

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गरीब के उत्थान के लिए बीड़ा उठाया है, हर गरीब को सरकार की योजना का लाभ मिले इसके लिए उनके लगातार प्रयास है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पहले भी ऐसे फैसले लिए जिससे गरीब को मुफ्त स्वास्थ्य मिले, हर घर को जल मिले और हर सिर को छत मिले। उनकी इन योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी रात-दिन लगे हुए है। उन्होंने जनता से अपील की है कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाए।

हरियाणा शहरी आवास योजना के तहत नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी क्षेत्र के 3139 लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित किए गए। जिनमें घुमंतू जाति के 54, विधवा 246, अनुसूचित जाति 814 व अन्य श्रेणियों के 225 परिवार शामिल है। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में 521 करनाल व 543 पिंजौर के लाभार्थियों को प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर वितरित किए गए।

# वार्ड 16 व सब्जी मंडी में सफाई अधिकारियों ने लोगों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

## 100 दिन स्वच्छता के कार्यक्रम के तहत निगम ने चलाया हुआ है जागरूकता अभियान

**यमुना संदेश, जगाधरी (विक्रम सिंह)** स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में शहर को अव्वल स्थान पर लाने के लिए नगर निगम द्वारा 100 दिन स्वच्छता के कार्यक्रम के तहत बुधवार को वार्ड 16 और आईटीआई के सामने स्थित सब्जी मंडी में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन की एक्टिविटी एक्सपर्ट अर्थात गतिविधि विशेषज्ञ पूजा, सफाई निरीक्षक सुशील व अन्य सफाई अधिकारियों ने लोगों को गीले व सूखे कचरे को अलग अलग कर निगम के वाहनों में डालने को जागरूक किया।



नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर यह अभियान निगम के दोनों जोन में चलाया गया है। जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में हर वार्ड में यह अभियान चलाया हुआ है। दोनों जोन में स्वच्छ भारत मिशन की एक्टिविटी एक्सपर्ट अर्थात गतिविधि विशेषज्ञ पूजा संबंधित सफाई निरीक्षकों के साथ शहरवासियों को जागरूक कर रही है। जो शहरवासियों को डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे है। बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन की एक्टिविटी एक्सपर्ट पूजा ने वार्ड 16 की हरबंसपुरा कॉलोनी समेत कई कॉलोनियों व आईटीआई स्थित सब्जी मंडी में लोगों को समझाया कि गीले व सूखे कचरे के लिए अलग अलग डस्टबिन रखें। दुकान व घर से निकलने वाला कचरा इन डस्टबिन में एकत्रित करें। सुबह जब उनके घर पर डोर टू डोर कचरा लेने वाला वाहन आता है तो उसमें यह कचरा अलग अलग करके डाले। खुले में कचरा डालकर गंदगी न फैलाए। उन्होंने शहरवासियों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपने शहर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए सहयोग देने की अपील की। गीले, सूखे और ई-वेस्ट को सही तरीके से निपटान के लिए जागरूक किया। सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने और शॉपिंग के लिए घर से थैले लेकर जाने का भी आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि लोग सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके निगम के वाहन को दे रहे है। जो लोग अभी भी सूखा व गीला कचरा करके निगम के वाहन को नहीं देते, वे भी कचरा अलग अलग करने की आदत डाले और शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। तभी हमारा शहर भारत का सबसे साफ और सुंदर शहर बनेगा।

# उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**यमुना संदेश, यमुनानगर (लाल सिंह)** (उपभोक्ता मामले मंत्रालय, भारत सरकार के तहत) ने जेएम पार्क सफायर आरडब्ल्यूए, रामप्रस्थ ग्रीन्स, वैशाली में एक उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बीआईएस, गाजियाबाद के मानक संवर्धन सलाहकार आयुष राज और प्रियांशु कुमार जी के स्वागत के साथ हुई, इसके बाद आरडब्ल्यूए अध्यक्ष श्री जैन और उड़ते पंख एनजीओ के शैली अग्रवाल के स्वागत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।



स्वागत सत्कार प्रसिद्ध कलाकार पूनम नारायण ने किया। आरडब्ल्यूए के निवासियों ने जागरूकता सत्र में भाग लेने में सक्रिय रुचि दिखाई, जहां प्रियांशु ने आईएसआई, हॉल मार्क, इको मार्क इत्यादि जैसे विभिन्न मानकों के बारे में जानकारी साझा की। सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय रुचि और उत्साह के साथ भाग लिया। आयुष राज जी ने हाल की गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा की और बीआईएस, जीजेडबी की पहल जैसे आरडब्ल्यूए, बीआईएस क्लबों में आयोजित जागरूकता कार्यशालाएं, अभ्यासों को जब्त करना, प्रयोगशाला का दौरा आदि और बीआईएस जीजेडबी की मासिक पत्रिका मानक प्रवाहिका का पहला संस्करण भी साझा किया गया। उसी दिन स्वच्छ भारत पर संगीत प्रस्तुति और जगी ग्राहक जागो पर एक जानकारीपूर्ण रैप गीत के साथ संगीत दिवस मनाया गया। अपने मन को पहचानो! जब भी हम सोना या आभूषण की वस्तुएं खरीदते हैं तो हॉल मार्क के मूल्य को साझा करते हुए शारदा और लक्ष्मी द्वारा एक माणक नाटिका प्रस्तुत की गई। उड़ते पंख एनजीओ के छात्र मुकेश और गौरिका वधावन को उनकी सफल बोर्ड परीक्षाओं के लिए मानक युवा के रूप में सम्मानित किया गया, सुखविंदर कौर, शैली अग्रवाल और पूनम नारायण, वंदना भटनागर को मानक महिला के रूप में सम्मानित किया गया। छात्रों ने विभिन्न मानक चिह्नों को दर्शाने वाली माणक कला में भाग लिया, तीन सर्वश्रेष्ठ माणक कला को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आरडब्ल्यूए की आयोजन समिति को धन्यवाद और एक समूह चित्र के साथ समाप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं सुव्यवस्थित संचालन आउटरीच पार्टनर के रूप में सलाम नमस्ते कम्युनिटी रेडियो द्वारा किया गया।

# पेफी नैशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा





**यमुना संदेश, यमुनानगर (सत्यम नागपाल)** कोच नरेन थापा ने बताया कि आज सुबह कड़े और रोमांचकारी मुकाबले में हरियाणा उत्तर प्रदेश के खिलाफ 0-1 से मैच हार गया! हरियाणा को मैच के शुरू में ही दो बेहतरीन अवसर मिले लेकिन भुना नही पाए अंतिम समय तक दोनो टीमों ने खूब संघर्ष किया! हरियाणा टीम के गोलकीपर प्रणीत गर्ग को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया! फाइनल मुकाबला कल बंगाल और उत्तरप्रदेश के बीच खेला जाएगा! थापा ने बताया कि पेफी इंडिया नैशनल कैम्प यमुनानगर के संतनिश्चाल सिंह पब्लिक स्कूल में सितम्बर माह में लगाया जायेगा और यह पेफी नैशनल टीम कोलकाता में अक्टूबर माह में इंटरनेशनल क्लब चैंपियनशिप में भाग लेगी जिसमे नेपाल, भूटान, बांग्लादेश इंडोनेशिया जैसी टीमें भाग लेंगी!

# अगले 3 महीने घर ना बैठें कार्यकर्ता, घर-घर तक पहुंचाएं कांग्रेस के संकल्प व नीतियां : हुड्डा

## फिर से हुड्डा साब के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाना चाहती है जनता- मुलाना



**यमुना संदेश, यमुनानगर (अमित मनकट)** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ऐलान किया कि कांग्रेस सरकार में गन्ना किसानों को पेमेंट के लिए कई-कई महीने इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आने वाली पहले की तरह सरकार किसानों को देश में सबसे ऊंचे दाम देगी और पेमेंट में रत्तीभर भी देरी नहीं की जाएगी। साथ ही इस क्षेत्र के किसानों की मांगों को ध्यान में रखते हुए सूरजमुखी और आलू के उचित दर पर खरीद की जाएगी। यमुनानगर पोपुलर ,स्टील और पेपर इंडस्ट्री पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेशवासियों को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मुहैया करवाया जाएगा। कोई भी गंभीर बीमारी होने पर किसी भी गरीब को पैसों के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाने पड़ेंगे। ना ही किसी गरीब को इलाज के लिए कर्जा लेना पड़ेगा और ना उसे अपना घर या जमीन बेचनी पड़ेगी। उसके इलाज की जिम्मेदारी कांग्रेस सरकार उठाएगी। कांग्रेस ने राजस्थान में सरकार रहते यह योजना लागू की थी, इसको हरियाणा में भी अमलीजामा पहनाया जाएगा। साथ ही पार्टी की सरकार बनने पर प्रत्येक बुजुर्ग को 6000 रुपये पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम, महंगाई से राहत देने के लिए 500 रुपये में गैस सिलेंडर और 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी। साथ ही बेरोजगारी पर नकेल कसते हुए प्रदेश के सरकारी विभागों में खाली पड़े 2 लाख पदों पर योग्यता अनुसार मेरिट के आधार पर पक्की भर्तियां की जाएंगी। पेपर लीक और भर्ती माफिया से निजात दिलाते हुए साफ-सुथरी भर्ती और पेपर सुनिश्चित किए जाएंगे।

ये तमाम ऐलान हुड्डा ने यमुनानगर में हुए धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में किए। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान, नवनिर्वाचित सांसद वरुण मुलाना, पूर्व मंत्री निर्मल सिंह, पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व मंत्री सुभाष चौधरी, विधायक बीएल सैनी, विधायक रेणु बाला, पूर्व विधायक अकरम खान, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, बृजपाल छप्पर समेत कई वरिष्ठ नेता और हजारों की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे। हुड्डा और उदयभान ने अंबाला के मतदाताओं का वरुण मुलाना को जिताने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही लोगों को भरोसा दिलाया कि वरुण मुलाना ने जिस मजबूती के साथ मुलाना हलके की आवाज को विधानसभा में उठाया था, उसी मजबूती के साथ अंबाला लोकसभा की आवाज को संसद में उठाएंगे।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। लेकिन वो कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हैं कि जीत सुनिश्चित मानकर घर नहीं बैठना है, अगर जनहित की जनप्रिय सरकार बनानी है तो अगले 3 महीने घर नहीं बैठना है, बल्कि जनता के बीच रहना है। उनके मुद्दों और समस्याओं को नजदीक से समझना है, तभी सरकार बनने पर कांग्रेस उनका समाधान कर पाएगी।

फिलहाल, अपनी हार सामने देख बीजेपी जाते-जाते कांग्रेस की नकल करते हुए, कई फर्जी घोषणाएं करेगी। जबकि 10 साल में भाजपा ने जनता को भय, भ्रष्टाचार, अपराध, नशा, बेरोजगारी और महंगाई के अलावा कुछ नहीं दिया। इस सरकार ने तो कांग्रेस कार्यकाल की परियोजनाओं को भी बंद कर दिया। 100-100 गज के प्लॉट और दादुपुर नलवी नगर का उदाहरण अंबाला की जनता के सामने है। लेकिन कांग्रेस सरकार बनने पर फिर से गरीब, एससी व ओबीसी परिवारों को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट दिए जाएंगे और दादुपुर-नलवी परियोजना को फिर से शुरू किया जाएगा। इससे किसानों को वर्तमान में ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ होगा।

अपने संबोधन में चौधरी उदयभान ने कहा कि अंबाला लोकसभा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में शानदार काम किया। उन्होंने जिस एकता और मेहनत का परिचय इस चुनाव में दिया, विधानसभा चुनाव तक उसे यूं ही बरकरार रखना है। इस चुनाव में जनता को बीजेपी से 750 किसानों की शहादत, पहलवान बेटियों पर हुए अत्याचार, किसान-कर्मचारी-सरपंच-सफाईकर्मी समेत हर वर्ग पर हुए लाठीचार्ज, युवाओं के साथ हुए भर्ती घोटालों, महिला व दलितों पर अपराधों, व्यापारी को हुए घाटे और मजदूर की कम होती आमदनी का बदला लेना है।

बीजेपी ने शराब, रजिस्ट्री, खनन, धान, चावल, भर्ती, पेपर लीक, अमृत योजना जैसे ताबड़तोड़ घोटाले कर जनता का हजारों करोड़ रुपया लूटा है। इस सरकार ने प्रदेश को 4 लाख 51 हजार 8 सौ करोड़ रुपये के कर्ज में डुबो दिया है। कांग्रेस द्वारा अथक मेहनत से तैयार की गई गई शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था की इस सरकार ने धज्जियां उड़ाकर रख दी। दुनिया में देश का परचम लहराने वाले युवाओं को नशे की दलदल में धकेल दिया गया और घर-घर में चिट्टा पहुंचाया गया। रोजगार ना मिलने के चलते हमारे युवा दूसरे देशों में पलायन कर रहे हैं।

चौधरी उदयभान ने कहा कि जनता की इन तमाम कारगुजारियों का बदला वोट की चोट से लेना है। बीजेपी को इसबार चुनाव में जनता से वोट नहीं, बल्कि माफी मांगनी चाहिए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरुण मुलाना ने भी जनता, पार्टी हाईकमान, हुड्डा, उदयभान, तमाम नेताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अंबाला की जनता ने बीजेपी के अहंकार को हराकर कांग्रेस की नीतियों और संविधान को जिताया है। जनता चाहती है कि एकबार फिर प्रदेश में हुड्डा साब के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार बने। क्योंकि हुड्डा सरकार ने प्रदेश में जो विकास कार्य करवाए थे, जनता उन्हें आज भी याद करती है। बीजेपी ने अंबाला लोकसभा में कोई कार्य करवाना या नई परियोजना स्थापित करना तो दूर, हुड्डा सरकार में बनी दादुपुर नलवी नहर को पाटने जैसा पाप किया। बीजेपी सरकार ने किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी समेत प्रत्येक वर्ग के साथ धोखा किया। इसलिए तमाम वर्ग इसबार बीजेपी का सफाया कर फिर से कांग्रेस सरकार बनाने जा रहे हैं।

## नशीली दवाओं के प्रयोग पर रोकथाम लगाने के लिए निकाली जागरूकता रैली

**यमुना संदेश, करनाल।** उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेड क्रॉस सोसाइटी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। रेड क्रॉस के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उक्त दिवस के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन करनाल और रेड क्रॉस द्वारा कर्ण पार्क में आए लोगों को नशीली दवाओं के प्रयोग के कारण उनका दुष्प्रभाव हमारे परिवार और समाज पर आर्थिक व शारीरिक रूप से प्रभाव डालता है। इसी कड़ी में इन नशीली दवाओं के प्रयोग पर रोकथाम लगाने के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई।






## खेतों में बिजली के टावर लगाने का किसानों ने किया विरोध



**यमुना संदेश, यमुनानगर (बालकिशन)** गांव रोड छप्पर में पुलिस प्रशासन द्वारा जबरदस्ती किसानों के खेतों में बिजली के टावर लगाने के लिए भारी पुलिस फोर्स भेज दी गई लेकिन किसानों ने विरोध किया और टावर नहीं लगने दिए तकरीबन 1 साल से जो बिजली की लाइन बड़े बड़े टावर लगाए जा रहे हैं उनका काम किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर रुका हुआ है और कई बार इस बारे में मीटिंग हो चुकी है अभी कुछ दिन पहले भी भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी अपने शिष्ट मंडल के साथ डीसी साहब से मिले थे, तब डीसी साहब ने कहा था कि मैं अपना फैसला दे दिया हुआ है आप कमिश्नर के पास अपील करें। किसान कमिश्नर के पास गए और कमिश्नर ने डीसी साहब के पास फाइल भेज दी और डीसी ने एसडीएम की ड्यूटी लगा दी लेकिन किसानों को कुछ नहीं बताया गया कि कमेटी ने क्या फैसला किया है रेट बढ़ाया है या नहीं। किसानों को कितना देंगे या नहीं और बिना किसान को बात किया सीधा फोर्स भेज कर टावर लगाने की कोशिश की गई जिस दौरान हल्का धक्का मुक्की हुई और इस दौरान डीएसपी राजेश कुमार ड्यूटी मजिस्ट्रेट रादौर तहसीलदार अनिल कुमारपहुंचे थे। किसानों के विरोध के बाद 27 तारीख को दोबारा फिर सुबह 11:00 बजे डीसी ऑफिस में किसानों की मीटिंग होगी और तब तक काम बंद रहेगा जब तक कोई फैसला नहीं होता। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी, जिला अध्यक्ष सन्जू गुन्दियाना ,मनदीप रोड छप्पर, संदीप टोपरा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह मथाना, प्रवक्ता राकेश बैंस, मलकीत सिंह अम्बाला, राजकुमार, हरपाल सुढ़ल, गुलाब पुनिया, ब्रिकान्त, जोगिन्दर आदि मौजूद रहे।







## ''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई


नितिन नागपाल
पत्रकार, यमुनानगर


हर्ष कपूर
स्टेट हैड, कटनी ( मध्य प्रदेश )


प्रमोद कुमार
जन कल्याण उत्थान सेवा समिति

## ''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई


वरिंदर त्यागी
प्रदेश अध्यक्ष,
इंडिया मीडिया सेंटर


सुंदर नारंग
समाजसेवी, यमुनानगर
Amar The Jewellers


रमन गर्ग
एमडी, रूद्रा फोरएवर
कम्पनी, जिरकपुर



''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई

**कर्नल जरनैल सिंह**

''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर



सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई

**प्रेम महंत ( उमा कल्याण )**
संचालिका निवारण सेवा सिद्ध आश्रम



''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई

**लवली सिंह, समाजसेवी**



''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई

**विकास नागपाल**
ज्योतिषाचार्य- करनाल मो. 9215588984



''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई

**अनिल गुप्ता**
संरक्षक, भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ

''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर



सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई

**बलविन्द्र कौर**
पत्रकार, नूरपुर वेदी ( पंजाब )



''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई

**चौधरी अकरम खान**
पूर्व मंत्री, हरियाणा



''यमुना संदेश'' के प्रथम परिशिष्ट निकालने पर सम्पादक सत्यम नागपाल को हार्दिक बधाई

**नन्दलाल काम्बोज, प्रधान**
हरियाणा रोडवेज यूनियन, यमुनानगर


AMAR
THE JEWELLERS
All that Glitter is gold here




Pyara Chowk, Near Mobile Mall, Yamunanagar ( Contact : 93547-70707)


स्वामी, सम्पादक/प्रकाशक एवं मुद्रक सत्यम नागपाल द्वारा यशबाबू ऑफसेट प्रेस, कृष्णाधाम मार्किट, कुरुक्षेत्र से मुद्रित तथा म.न. 367-एफ, प्रोफेसर कालोनी से प्रकाशित। सम्पादक : सत्यम नागपाल